हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 21 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

12 महिलाओं के साथ बच्चों ने भी दी शानदार प्रस्तुतियां



12 अपराधी पहले भागते थे, अब जिम्मेदारी लेते हैं: सांसद



## खबर संक्षेप

### बच्ची के साथ पड़ोसी ने किया डिजिटल रेप

**पानीपत।** पानीपत में एक थाना क्षेत्र में घर में अकेली बच्ची के साथ पड़ोसी ने डिजिटल रेप किया। 11 साल की बच्ची अकेली थी। इसी दौरान 45 साल का दरिंदा घर में घुसा और लाइट बंद कर दी। अंधेरे में उसने बच्ची के मुंह को अपने हाथ से दबा दिया और उसकी आवाज बाहर नहीं जाने दी। बच्ची को पूरी तरह अपनी पकड़ में जकड़ कर आरोपी ने उसके साथ डिजिटल रेप किया। बच्ची के करहाने की आवाज सुनकर मौसी भीतर कमरे में गई तो आरोपी को पकड़ लिया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी अजय के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### बदमाशों ने किया युवक के अपहरण का प्रयास

**पानीपत।** विकास नगर में कार सवार चार बदमाशों ने गोलू पुत्र दिनेश निवासी गांव नांगलखेडी के अपहरण की चेष्टा की। बदमाशों ने रुमाल में नशीली दवा डालकर गोलू को बेहोश करने की कोशिश की, लेकिन वह उनसे छूट गया। छात्र के शोर मचाने और कार पर ईंट फैंकने पर बदमाश फरार हो गए। वहीं, हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गई है।

### महिला ने चार ज्वेलर्स के साथ लाखों की ठगी की

**पानीपत।** एक महिला ने चार ज्वेलर्स परमहंस ज्वेलर्स, सरस्वती ज्वेलर्स, गुमजी ज्वेलर्स और प्रिंस ज्वेलर्स के साथ लाखों रूपये के जेवर की ठगी कर ली। सरस्वती ज्वेलर्स से सौरभ कपूर ने बताया कि एक महिला ने सोने-चांदी के जेवर उन्हें दिए और कहा कि इन्हें ठीक करके दे दो। उन्होंने कहा कि इनके बदले वह नए जेवर दे सकते हैं। कुछ देर मोलभाव के बाद 20 हजार कीमत के जेवरात वह ले गई। उन्हें शक हुआ तो उन्होंने उन्हें पिघलाने के लिए भेजे। तब पता चला कि यह जेवर नकली हैं। महिला परमहंस ज्वेलर्स के गोल्डी कपूर से दो दो ग्राम के 24 कैरेट सोने के तीन सिक्के ले गई। गुमजी ज्वेलर्स के संचालक पंकज से करीब 52 हजार रुपए और प्रिंस ज्वेलर्स के संचालक जीनत से तीन ग्राम सोने की अंगूठी ली।

### कुरुक्षेत्र पैनोरमा में मनाया चंद्रमा दिवस

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में 'अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस' के अवसर पर एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानव द्वारा चंद्रमा पर प्रथम कदम रखने की वर्षगांठ के उपलक्ष में मनाया जाता है एवं इसका उद्देश्य जनता, विशेष रूप से युवाओं में अन्तरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि ओर जागरूकता बढ़ाना है। कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र के परियोजना समन्वयक सुरेश कुमार सोनी ने चन्द्र अन्वेषण के इतिहास और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

### शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने गांव सिवाह में किया प्रजापति चौपाल का शुभारंभ

# प्रजापति समाज के कला कौशल को जीवित रखने के लिए सरकार गंभीर

### प्रदेश सरकार समाज की हरसंभव मदद करेगी : शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

हरियाणा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रजापति समाज में वह हुनर है जोकि चाक पर मिट्टी की ऐसी कलाकृतियां बनाते हैं कि उनको देखने वाले भी हैरान रह जाये। वहीं, आधुनिक युग में बडी कंपनियों ने प्रजापति समाज के उस हुनर को दबा दिया है।

प्रजापति समाज को आज उसी हुनर को कायम रखने की जरूरत है। सरकार इसके लिये समाज की हर संभव मदद करेगी। मंत्री महीपाल ढांडा रविवार को गांव सिवाह के सौदामनी सेंटर में दक्ष प्रजापति एसोसिएशन द्वारा आयोजित दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सिवाह के सरपंच आर्य रणदीप कादियान मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री महीपाल ढांडा ने प्रजापति चौपाल का उद्घाटन किया। गांव में पहुंचने पर मंत्री महीपाल ढांडा का जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री महीपाल ढांडा, सरपंच आर्य रणदीप कादियान व अन्य अतिथियों अजित बिट्टू प्रजापति पार्षद, पालेराम प्रजापति, बबलू प्रजापति व सुरेंद्र प्रजापति आदि का पगडी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। समाज ने शिक्षा मंत्री से प्रजापति चौपाल के पास ही एक बडा हाल व चार दीवारी बनवाने की मांग की। इस अवसर पर प्रेमचंद प्रजापति, पदम सिंह प्रजापति, कृष्ण आर्य, सुलेख डिडवाडा, पंच जयदीप कादियान नंबरदार, राजकुमार राजू ठेकेदार, रमेश ठेकेदार, कुलदीप, नरेंद्र, पालेराम, सतबीर प्रजापत, कृष्ण लाल, बलवान सिंह, तेलू राम प्रजापति आदि मौजूद रहे।



पानीपत। गांव सिवाह में दक्ष प्रजापति जयंती में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का स्वागत करते सरपंच रणदीप कादियान।

**युवाओं का आह्वान**

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मंत्री ने युवाओं से परंपरागत काम को शुरू करने के लिये पायलट प्रोजेक्ट के तहत काम करने का आह्वान किया। सरपंच रणदीप कादियान ने कहा कि गांव सिवाह में प्रजापति समाज के हुनर को निखारने के सभी प्रयास करेंगे।

# शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए सरकार संकल्पबद्ध : चौहान



- नीलोखेड़ी में जल संरक्षण और शुद्धता को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

हर घर नल से जल पहुंचाने की योजना सिर्फ पेयजल आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकार शुद्ध और सुरक्षित जल सुनिश्चित करने के लिए भी संकल्पबद्ध है।

यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने पुरानी नीलोखेड़ी ग्राम पंचायत की पेयजल एवं सीवरेज समिति की बैठक में कही। डॉ. चौहान ने कहा कि भूमिगत जल स्तर चिंताजनक ढंग से नीचे जा रहा है, जिसका प्रमुख कारण अनियंत्रित दोहन और जल प्रबंधन की कमी है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और सामूहिक सहभागिता की अपील की।

मुख्य रसायनज्ञ कुंवर अमित सिंह ने बताया कि प्रदेश भर में जल गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशालाओं का नेटवर्क खड़ा किया गया है। कार्यक्रम में जिला सलाहकार नेहा, कनिष्ठ अभियंता हर्ष और ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर कुलभूषण शर्मा ने भी ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्राम सरपंच सरदारनी विक्रमजीत कौर और हरप्रीत सिंह ने डॉ. चौहान का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

# पश्चिमी यमुना में कूदी दो चचेरी बहनों में से दूसरी युवती का भी शव बरामद

- मनीषा का शव गांव रंबा के पास नहर में तैरता मिला
- परिजनों की सूचना पर पुलिस ने नहर से निकलवाया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

**ये था मामला**

बुधवार दोपहर को कुरुक्षेत्र के गांव बजीदपुर की दो युवतियों मनीषा व रीना ने इंद्री के पास से गुजर रही पश्चिमी यमुना नहर के पुल से नहर किनारे अपना मोबाइल व बैग रखकर नहर में छलांग लगा दी थी। सूचना मिलते इंद्री पुलिस व गोताखोर प्रगट सिंह की टीम ने मौके पर पहुंचकर नहर मे सर्च अभियान चला कर युवतियों को ढूंढने का प्रयास किया था लेकिन युवतियों का कुछ भी पता नही चल पाया था। परिजनों ने बताया था कि दोनों युवतियां भादसों स्थित एक शराब की फैक्ट्री मे काम करती थी। जिसके बाद रीना का शव शुक्रवार को गांव खेडी मान सिंह के पास नहर से मिल गया था अब मनीषा का शव भी गांव रंभा के पास देर रात एक बजे मिला है।

बुधवार दोपहर पश्चिमी यमुना नहर के इंद्री स्थित पुल से नहर में कूदी दो चचेरी बहनों में से 25 वर्षीय मनीषा का शव भी देर रात करीब एक बजे पश्चिमी यमुना नहर में गांव रंभा के समीप मिल गया है।

शव की तलाश में बैठे परिजनों ने जैसे ही नहर में शव को तैरते देखा तो तुरंत सूचना इंद्री पुलिस को दी। इंद्री पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों की सहायता से शव को नहर से निकलवाकर व पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

जांच अधिकारी एसआई चरण सिंह ने बताया कि रात करीब एक बजे परिजनों ने सूचना दी कि दूसरी युवती मनीषा का शव गांव रंबा के पास नहर में तैरता आ रहा है। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को नहर से निकलवा कर परिजनों से शिनाख्त करवाने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर वारिसों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# पांच एकड़ जमीन की खरीद में 52 लाख की ठगी

- सम्भालखा के ओम प्रकाश के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज
- आरोपियों ने पांच चेक भी दिए थे जिसमें से चार चेक बाउंस हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अकबरपुर गांव में पांच एकड़ जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर 52 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर सम्भालखा के ओम प्रकाश के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज कर लिया है।

साहा के गांव खारूखेड़ा के सुनील कुमार व सम्भालखा के शिव चरण दास ने बताया कि आरोपियों से गांव अकबरपुर में पांच एकड़ भूमि को लेकर साढ़े तीन करोड़ रुपये में सौदा किया था। इसके 52 लाख रुपये बतौर बयाना दिए थे। जमीन की रजिस्ट्री के लिए 20 जनवरी की तारीख तय की गई थी। आरोपी तय दिन रजिस्ट्री कार्यालय में नहीं आए। अब पता चल रहा है कि आरोपियों ने जमीन को किसी ओर को आगे बेच दिया है। अब आरोपी बात टाल रहे हैं। थाने में इस मामले को लेकर समझौता भी हुआ था तो आरोपियों ने पांच चेक भी दिए थे जिसमें से चार चेक बाउंस हो गए हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से 6 लाख ठगे

**बराड़ा।** गांव दादुपुर के एक युवक से विदेश भेजने का झांसा देकर लगभग छह लाख रुपये की ठगी और दस्तावेज हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ति महेंद्र पाल ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे सौरभ को इंग्लैंड भेजना चाहता था। इस सिलसिले में वह अपने किसी जानकर के माध्यम से जुलाई 2024 में कुरुक्षेत्र के रविंद्र कुमार उसकी पत्नी नीलम और उनके बेटे अभि बाली से संपर्क आया था। आरोपियों ने खुद को विदेश भेजने और वहां सैटलमेंट करवाने में सक्षम बताया। इसकी एवज में कुल 15 लाख रुपये की मांग की जिनमें से 6 लाख रुपये अग्रिम तौर पर मांगे गए। शिकायतकर्ता की माने तो प्रार्थी ने आरोपी के कहने पर अपने बेटे सौरभ के दस्तावेज भेजे। किश्तों में लगभग 6 लाख रुपये आरोपियों के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। जनवरी 2025 में आरोपियों को तीन लाख रुपये नकद भी उनके घर जाकर दिए गए। उन्होंने वादा किया कि फरवरी में वीजा और टिकट मिल जाएगी। हालांकि, फरवरी के बाद जब प्रार्थी ने वीजा के बारे में पूछा तो आरोपी टालमटोल करने लगे। मार्च में जब प्रार्थी ने अपने पैसे वापिस मांगे तो आरोपियों ने एक माह का समय मांगा। इसके बाद भी जब काम नहीं हुआ और प्रार्थी ने दस्तावेज और पैसे वापिस मांगे, तो आरोपियों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। साथ ही जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। प्रार्थी ने यह भी बताया कि आरोपी उसके बेटे का पासपोर्ट, आधार कार्ड और पैन कार्ड अपने कब्जे में रखे हुए हैं जिनके दुरुपयोग की आशंका है। इस मामले में अब पुलिस जांच कर रही है।

# रिहर्सल के दौरान रिहायशी कॉलोनी में गिरा ड्रोन

- बाल बाल बची महिला, पुलिस ने ड्रोन जब्त कर सेना के हवाले किया

**अंबाला।** धूलकोट में रविवार सुबह सैन्य क्षेत्र के नजदीक एक ड्रोन के रिहायशी इलाके में अचानक गिरने से हड़कंप मच गया। हादसा उस समय हुआ जब एक महिला सड़क से गुजर रही थी जो बाल-बाल बच गई। प्रत्यक्षदर्शी सूर्य कांत ने बताया कि हवा में उड़ता ड्रोन अचानक अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही बलदेव नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में सेना पुलिस और वायुसेना के जवान भी वहां पहुंच गए।

इसके बाद ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया। बलदेव नगर थाना प्रभारी ने बताया कि जग्गी सिटी सेंटर के पास सेना की एक यूनिट द्वारा ड्रोन उड़ाने का अभ्यास किया जा रहा था। इस दौरान ड्रोन तकनीकी खराबी के कारण धूलकोट में वायुसेना स्टेशन की दीवार के पास गिर गया। कि ड्रोन पूरी तरह जल चुका था। लोगों में इस घटना से दहशत फैल गई।

# दिनारपुर में अज्ञात जानवर ने भेड़ों को नोच डाला, 40 की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साहा

- पालक बोले, कर्ज लेकर खरीदी थी भेड़ें, प्रशासन से आर्थिक सहायता की लगाई गुहार

दिनारपुर गांव में बीती रात किसी जानवर ने दो पशुपालकों की दर्जनों भेड़ों को नोच लिया इससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि और साहा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और जांच की।

दिनारपुर के संदीप और गुरसेवक ने बताया कि दोनों के पास 100 भेड़ें थीं। इनमें से कुछ भेड़ें वह कुछ दिन पहले ही लेकर आए थे। उन्होंने भेड़ों को खरीदने के लिए कर्ज लिया था। दोनों एक ही बाड़े में अपनी भेड़ें रखते थे। रात को वह सभी भेड़ों को बाड़े में ठीक से बंद करके गए थे। रात करीब 12 बजे वह भेड़ों को देखने गए थे उस समय सभी भेड़ें ठीक थीं। सुबह करीब साढ़े 5 बजे जब वह बाड़े में पहुंचा तो देखा कि भेड़ें बिखरी पड़ी थी। कुछ बच्चों के सिर बिखरे पड़े थे। गेट खोलकर अंदर देखा तो भेड़ों को नोचा गया था।

उन्होंने बताया कि करीब 40 भेड़ों की मौत हो चुकी थी। भेड़ों की मौत से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सरपंच प्रतिनिधि राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ितों ने पुलिस को भी सूचित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि वह मौके पर गए थे। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पता नहीं चला कि किस जानवर ने भेड़ों को नोचा है।

# दो युवकों ने किशोर के साथ बनाए अप्राकृतिक संबंध

- पुलिस ने किया दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने किशोर को गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए। किशोर ने घर आकर घटना के बारे में परिजनों को बताया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका 12 वर्षीय लड़का 13 जुलाई को दोपहर घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान उनके गांव के ही मांगा और नसीब उसके लड़के को बहला फुसला कर गन्ने के खेत में ले गए। जहां आरोपियों ने उसके लड़के के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए। उसका लड़का जब घर पहुंचा तो उसे दर्द होने लगा। उसने जब अपने लड़के को इस बारे पूछा तो उसने बताया कि मांगा व नसीब ने उसके साथ गलत काम किया है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन की गवर्निंग बॉडी की बैठक

# खेलों को बढ़ावा दे रही भाजपा सरकार : पंवार

- राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन बारी-बारी से हर जिले में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन की गर्वनिंग बॉडी की बैठक रविवार को आयोजित की गई। यह बैठक मडलौडा स्थित केबिनेट मंत्री एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय पर आयोजित की गई।

इसमें एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की गई। इसी के साथ साथ राज्य में खेलों को और ज्यादा बढ़ावा तथा युवाओं को खेलों के प्रति जागरुक करने हेतु विभिन्न एजेंडों को सर्वसम्मति से पास भी किया गया। बैठक उपरांत अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि आज की बैठक में प्रमुख रूप से यह एजेंडा पास किया गया कि भविष्य में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बारी - बारी प्रदेश के हर जिले में किया जायेगा। जिससे हर जिले के युवाओं में खेलों के प्रति एक नई रुचि जागृत होगी।

ऐसा करने से युवा खेलों की तरफ ज्यादा बढ़ावा देंगे और नशे व अन्य सामाजिक बुराइयों से भी बचेंगे। पंवार ने कहा कि जिस तरह पिछले वर्षों से खेलों में हरियाणा का डंका भारत देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बज रहा है। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की अच्छी खेल नीतियों का परिणाम है। आज हरियाणा प्रदेश में खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा ईनाम राशी दी जा रही है, इतना ही नहीं खेल कोटे से मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार योग्यता अनुसार सरकारी नौकरियां भी दे रही है।



पानीपत। हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार को फूल भेंट करते हुए गर्वनिंग बॉडी।

**मेहनत जारी रखें**

कृष्ण लाल पंवार ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि हर युवा एक संकल्प के साथ खेलों में अपनी रुचि रख अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपनी मेहनत जारी रखें तथा नशे व अन्य बुराइयों से युवा अपने आप को बचा कर रखें। इस अवसर पर एसोशिएशन के महासचिव नसीब जांघू कुलदीप पहल, अनिल राठी, श्वेता, संगीता, राजेश नरवाल, परमजीत सिंह, विकास चहल, विनोद, सुरेन्द्र, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# दो माह पहले मारपीट में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत

- परिजनों ने दोस्तों पर मारपीट कर हत्या करने का लगाया आरोप
- चंडीगढ़ स्थित अस्पताल में दो माह से चल रहा था इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



गांव खंडवा निवासी मृतक वंश का फाइल फोटो।

करीब दो माह पहले मारपीट में घायल हुए गांव खंडवा निवासी 19 वर्षीय वंश कि बीती रात चंडीगढ़ स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक घटना के बाद से कोमा में था। परिजनों ने उसके दोस्तों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।गांव खंडवा निवासी 19 वर्षीय वंश आईलाइट कर रहा था। 27 मई को वह घर से पार्टी में जाने की बात कह कर निकाला था। इस दौरान रात को वह गंभीर हालत में कैल कलानौर हाईवे पर स्थित पेट्रोल पंप के पास पड़ा मिला। डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया था और मामले की सूचना उसके परिजनों को दी थी। डॉक्टर ने वंश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया था। बताया जा रहा है कि वंश तभी से कोमा में था। पुलिस ने इस मामले में उसके कुछ दोस्तों के खिलाफ मारपीट के आरोप में केस दर्ज किया था। वंश की हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे चंडीगढ़ के निजी अस्पताल में लेकर गए थे। जहां पर उसका इलाज चल रहा था। बीती रात इलाज के दौरान वंश की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले में अभी तक आरोपियों से पूछताछ भी नहीं की है नहीं उन्हें अभी तक गिरफ्तार किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही सदर यमुनानगर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। उधर, थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### हजारों रुपये की अफीम के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**यमुनानगर।** बिहार से अफीम लेकर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे एक व्यक्ति को राजकीय रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 200 ग्राम अफीम बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर बोधराज ने बताया कि दोपहर के समय जगाधरी रेलवे स्टेशन पर जनसेवा एक्सप्रेस आकर रुकी थी। इस दौरान जनसेवा एक्सप्रेस में एक व्यक्ति नीचे उतरकर प्लेटफार्म पर बैठ गया। इसी बीत रेलवे पुलिस प्लेटफार्म पर चैकिंग करने पहुंच गई। पुलिस की टीम को वह व्यक्ति संदिग्ध हालत में बैठा दिखाई दिया। शक होने पर राजकीय रेलवे पुलिस की टीम ने आरोपी से पूछताछ की तो वह घबरा गया।

### शादी का झांसा देकर महिला के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। जब महिला ने इस बारे आरोपी युवक की मां व भाई से बात की तो आरोपियों ने भी उसका ही साथ दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पहले पति से अनबन के चलते तलाक हो गया था। जिसके बाद वह अपने मायके में रहने लगी। इस दौरान उसकी मुलाकात उज्जवल के साथ हुई। आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया।

### नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास

**यमुनानगर।** जगाधरी में एक युवक ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। यमुनानगर की एक कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय लड़की ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी मनीष नामक युवक के साथ जान पहचान थी। 14 जुलाई को वह जगाधरी किसी काम से गई थी। आरोपी मनीष ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा।

### जिले के मार्गों पर लगे शिविरों में उमड़ रहा शिवभक्तों का सैलाब

# कांवड़ियों की आस्था, बम-बम भोले के जयकारों से गूंजाएमान हो रहा वातावरण

हरिद्वार से गंगाजल लेकर रोजाना जिले की सड़कों से गुजर रहे हैं हजारों शिव भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भगवान शिव का जलाभिषेक करने का समय जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, कांवड़ियों का सैलाब भी जिले की सड़कों पर बढ़ता जा रहा है। आए दिन जिले की सड़कों से होकर हजारों कांवड़िए जहां अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं वह कुछ देर जिले की सड़कों के किनारे लगे शिविरों में प्रसाद ग्रहण कर माहौल को शिवमय बना रहे हैं। खास बात तो यह है कि शिव भक्तों के जयकारों से जिले की सड़कें व शिविरों में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है।



**यमुनानगर।** सड़क पर लगे शिविर में रविवार को प्रसाद ग्रहण कर खुशी जताते हुए व सड़कों से गुजरते हुए शिव भक्त। फोटो : हरिभूमि

#### बाबा पर गंगाजल चढ़ाने से होती है मनोकामना पूर्ण

हिमाचल के कांगड़ा से कांवड लेने आए साहिल व अश्वनी ने बताया कि लगातार 18 साल से वह कांवड़ लेकर आ रहे हैं। उनका कहना है कि सावन में बाबा पर गंगा जल चढ़ाने से हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं गुरदासपुर के सुनील वर्मा, मनोज व राधेश्याम का कहना है कि पांच साल से गंगा जल लेकर आ रहे हैं। इन दिनों में उन्हें अलग ही आत्मिक शांति का आभास होता है।

#### शिविरों में उमड़ रहा आस्था व श्रद्धा का सैलाब

शिव कांवड शिविरों में आजकल आस्था, श्रद्धा व विश्वास दिखाई दे रहा है। सैकड़ों किलोमीटर दूर से पैदल कांवड लेकर आना आसान नहीं है, मगर आस्था व श्रद्धा के सहारे सब कुछ मुमकिन हो रहा है। आस्था व विश्वास के सहारे ही शिवभक्त शिविरों में पहुंचे कांवड़ियों की सेवा में जुटे हैं। उत्तरी क्षेत्र शिव कांवड संघ के वरिष्ठ सदस्य जयपाल सिंह ने बताया कि उनका संघ पिछले दस वर्षों से कांवड़ियों के लिए शिविरों का आयोजन कर रहा है। इस बार शनिवार तक उनके शिविर में सैंकड़ों शिव भक्त प्रसाद ग्रहण करके उन्हें सेवा का मौका दे चुके हैं।

#### सावन में हरिद्वार से जल लाने का विशेष महत्व

*मान्यता है कि सावन माह में हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने क्षेत्र के शिव मंदिरों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से मनुष्य की हर मनोकामना पूर्ण होती है। बताया गया है कि कांवड़िए गंगा का पवित्र जल लेकर अपने कांवड़ों में झुलाते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचते हैं।*

#### नीलकंठ में भगवान शिव का करते हैं जलाभिषेक

परंपरा है कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य पर रवाना होने से पहले कांवड़िए ऋषिकेश से करीब 18 किलोमीटर ऊंचाई पर सात पहाड़ी पर स्थित भगवान शिव के नीलकंठ के दर्शन करते हैं। कहते हैं कि कांवड़ लेकर चलने से पहले जो नीलकंठ में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करता है उसके सभी पाप व संताप भोले बाबा हर लेते हैं।



**यमुनानगर।** गांव उन्हेड़ी में आयोजित भारतीय किसान संघ की बैठक में किसानों को नए अध्यादेश की जानकारी देते हुए भाकिसं के प्रांतीय मंत्री रामबीर सिंह।

## नया अध्यदेश किसानों के लिए बनेगा परेशानी का सबबः चौहान

**रादौर।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा खेतों में खड़े पेड़ों की कटाई के लिए नया अध्यादेश जारी किया गया है। जिसमें किसानों को अपने खेतों में खड़े पेड़ों का पोर्टल करना होगा और पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग से मंजूरी लेनी होगी। यह अध्यादेश किसानों के लिए पेरशानी पैदा करने वाला है। केंद्र सरकार द्वारा इस अध्यादेश को जारी करने पर रविवार को उन्हेड़ी में आयोजित भारतीय किसान संघ की बैठक में कड़ी आपत्ति जताई गई है। संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा खेतों में खड़े पेड़ों की कटाई के लिए नए अध्यादेश जारी करके किसानों के लिए तुगलकी फरमान जारी कर दिया गया है। इस अध्यादेश के मुताबिक किसानों को अपने खेतों में खड़े पेड़ों का पोर्टल करना होगा व कटाई के लिए वन विभाग से मंजूरी लेनी होगी। यह अध्यादेश किसानों के लिए परेशानी खड़े करने वाला है। क्योंकि किसान पोर्टल नीति से पहले ही परेशान है। यदि प्रदेश की बात की जाए तो यमुना नदी के साथ लगते क्षेत्र में पॉपुलर की खेती बड़े स्तर पर होती है। यह खेती किसानों ने अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए शुरू की थी। यदि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा पेड़ों की कटाई को लेकर कोई कानून थोपता है तो किसान पॉपुलर की खेती से विमुख हो जाएगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के इस कानून को भारतीय किसान संघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। क्योंकि इस कानून में इंस्पेक्ट्री राज की बू आ रही है और इससे भ्रष्टाचार को बल मिलेगा। भाकिसं के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने कहा कि किसान जब वन विभाग से पेड़ों की कटाई के लिए अनुमति मांगने जाएगा तो उसे भ्रष्टाचार से दो चार होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि इस कानून को लागू किया गया तो भारतीय किसान संघ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगा। इस संबंध में भारतीय किसान संघ जल्द ही प्रदेश भर के सभी जिलों में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के नाम उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपेगा। उन्होंने कहा कि यह कानून पूरे भारत के लिए ठीक नहीं है। क्योंकि किसान इस कानून के आने से पॉपुलर की खेती करना छोड़ जाएगा। किसान की आमदनी तो घटेगी ही पर्यावरण को भी नुकसान होगा। वहीं, पॉपुलर के पेड़ों पर आधारित प्लाइवुड उद्योग को भी भारी नुक्सान उठाना पड़ेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से इस नए अध्यादेश को वापस लिए जाने की मांग की।

# संपूर्ण मानव समाज को है ब्रह्मज्ञान रूपी संजीवनी की आवश्यकताः भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साध्वी सरस्वती भारती ने मानव जीवन में मनुष्य की मनोदशा के महत्व को समझाया। मौके पर भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

साध्वी सरस्वती भारती ने फरमाया कि मानव का मन विचारों का समूह है। लेकिन मन का कोई अपना अस्तित्व न होते हुए भी वह बहुत शक्तिशाली है। क्योंकि हमारी वाणी और हमारे द्वारा किया गया प्रत्येक कर्म मन के विचारों के अनुरूप ही होता है। मन में उठी एक विचार की तरंग किसी घटना या दुर्घटना को जन्म दे सकती है। इसलिए हमारे संत महापुरुष कहते हैं कि अपने मन में उठने वाले प्रत्येक विचार की ओर ध्यान दें।

मन का एक विचार मानव जीवन को सर्वश्रेष्ठ ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त है। लेकिन मन के विचारों को अनदेखा कर दिया जाए तो वह विचार ही विकारों में परिवर्तित होकर हमारे ही जीवन का पतन कर देते हैं। नकारात्मक और विध्वंसक विचार ही विकारों का रूप धारण करके मनुष्य को आत्मघाती तक बना देते हैं।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित संत साध्वी सरस्वती भारती ने मानव जीवन में मनुष्य की मनोदशा के महत्व को समझाया। फोटो : हरिभूमि

# संगठन मजबूती के लिए ग्राम समितियों का प्रशिक्षण होना बेहद जरूरीः सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाकिसं द्वारा रविवार को जगाधरी खंड के गांव अमादलपुर में ग्राम समिति प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में भाकिसं के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेंद्र ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाकिसं के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप सिंह खजूरी व जिला अध्यक्ष सुरेश राणा मौजूद रहे। शिविर की अध्यक्षता राणा जयपाल सिंह व खंड के अध्यक्ष राजेंद्र ने की।

मुख्यातिथि एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेंद्र ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए ग्राम समितियों का प्रशिक्षण होना बहुत जरूरी है। क्योंकि ग्राम समितियां ही संगठन की नींव हैं। उन्होंने ग्राम समिति सदस्यों को भाकिसं की रीति नीति व संगठन को बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। संगठन मंत्री सुरेंद्र ने कहा कि प्रदेश भर के हर गांव में भाकिसं की समितियों का गठन किया जाएगा। मौके पर प्रदेश के उपाध्यक्ष प्रताप ने हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने पेड़ों की कटाई के लिए पोर्टल व सरकार से मंजूरी लेने बारे अध्यादेश जारी किया है उस पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा हरियाणा में यमुना नदी के आसपास व पश्चिम उत्तर प्रदेश पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड में भारी मात्रा में किसान पॉपुलर की खेती करता है।



**यमुनानगर।** अमादलपुर में ग्राम समिति प्रशिक्षण शिविर में संबोधित करते हुए।

## डेंगु व मलेरिया से बचाव हेतु बरतें एहतिहात : डॉ. परमार

**रादौर।** रादौर के एसएमओ डॉ.विजय परमार ने सभी को बरसात के दिनों में सतर्कता अपनाने की सलाह दी। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों व कर्मचारियों को भी बीमारियों से निपटने के लिए अपने स्तर योजना बनाकर कार्य शुरू करने को कहा। डॉ.परमार ने कहा कि बरसात के दिनों में मच्छरों के कारण डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियां अधिक फैलती हैं। इस दौरान इससे निपटने के लिए संबंधित सभी विभाग अपने स्तर पर कार्य योजना तैयार कर जल्द ही कार्य शुरू करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी अधिकारी इस संबंध में लापरवाही बरतेगा तो उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि मलेरिया, जापानी बुखार, डेंगू व चिकनगुनिया मच्छरों के कारण ही फैलता है। बरसात के दिनों में गंदगी व ठहरा हुआ पानी मच्छरों के बढ़ने व पनपने में तेजी से मदद करता है। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि वे अस्पताल में डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया से निपटने के लिए दवाइयों व अन्य जरूरी वस्तुओं का प्रबंध कर लें। उन्होंने स्टाफ सदस्यों को कहा कि वे अस्पताल में आए मरीजों को जागरूक करने का काम करें। एमएमओ ने आम जनता से भी आह्वान किया कि वे बरसात के दिनों में पानी एक जगह इकठ्ठा न होने दें। लोग अपनी छतों पर खाली पड़े किसी भी प्रकार के बर्तन, टायर, मिट्टी के कसौरों में पानी जमा न होने दें। क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। कूलर, गमलों में पानी हर रोज बदलें, यदि ऐसा संभव न हो तो उनमें मिट्टी का तेल डाल दें, जिससे मच्छरों के लारवा मर सके।



## यूपी राज्यमंत्री जसवंत को दी जन्मदिन की बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सैनी समाज रादौर का एक प्रतिनिधिमंडल समाज के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश जसवंत सैनी से मिला। इस दौरान उन्होंने राज्यमंत्री जसवंत सैनी को उनके जन्मदिन की बधाई दी।

राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने हरियाणा में भाजपा सरकार द्वारा करवाए जा रहे कार्यों के बारे में प्रधान संदीप सैनी से चर्चा की। राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने प्रधान संदीप सैनी से यूपी में होने वाले विधानसभा चुनावों में यदि सहारनपुर विधानसभा से पार्टी यदि उनको चेहरा बनाती है तो उनके पक्ष में प्रचार करने के लिए समर्थन की मांग की। जिस पर संदीप सैनी ने उनको विधानसभा चुनावों में उनका पूरा साथ देने का आश्वासन दिया। यूपी में भी हरियाणा प्रदेश की तर्ज पर तीसरी बार भाजपा पार्टी कमल खिलाने जा रही है। भाजपा सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चुनाव जीतकर फिर से जनता की सेवा करेगी।



**यमुनानगर।** रादौर सैनी समाज का प्रतिनिधिमंडल राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश से भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### प्रदर्शनी में आकर्षक मॉडल्स प्रस्तुत कर नन्हें मुन्ने बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**रादौर।** रादौर के स्वराज पब्लिक स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने सुंदर मॉडल बनाकर अपनी कला को प्रदर्शित किया। मौके पर विद्यार्थियों ने अतिथियों को अपने द्वारा बनाए गए मॉडलों के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा जौली व निदेशक ने रिबन काटकर किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा जौली ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक मॉडलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी में भाग लेने से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आता है और उन्हें भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरणा मिलती है। मौके पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रदर्शनी में स्वस्थ भोजन, परिवहन के साधन, हमारे सहायक, योगा, भारतीय संस्कृति,गांव दर्शन, हरी भरी धरती, युवाओं की नई सोच आदि विषयों को दर्शाया गया।

### जीवन का आधार हैं पेड़ पौधेः सुमन



**यमुनानगर।** मानव सेवा समिति द्वारा श्री हंस ज्योति मंदिर जगाधरी के तत्वावधान में वृक्ष लगाओ, भविष्य बचाओ अभियान के अंतर्गत शहर जिंदल पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने बतौर मुख्यातिथि पौधारोपण करके किया। मौके पर औषधीय, छायादार व फलदार पौधे रोपित किए गए। मेयर सुमन बहमनी ने आमजन को अधिकाधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन नहीं देते हैं। बल्कि जीवन का आधार हैं। हमें आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरा भरा वातावरण देना है। इसके लिए पौधारोपण एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमें अपने जीवन में हर जन्मदिन, शादी की सालगिरह व अन्य मुख्य दिवसों पर पौधा रोपण करना चाहिए। साथ ही लोगों को भी अधिक से अधिक पौधे रोपित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। मेयर ने कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे जन जागरण कार्यक्रमों से समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना जाग्रत होती है। कार्यक्रम में पार्षद मनु सिंगला, भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला ने भी भाग लेकर पौधारोपण किया और अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# नशा जैसी समाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के लिए एकजुट होना जरूरी

- जिला पुलिस प्रशासन ने नशे के खिलाफ गांव सारण में पंचायत का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा गांव सारण में नशा के विरुध पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त बनाए जाने व अवैध रुप से नशा का धंधा नहीं होने देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना छप्पर के प्रभारी प्रमोद वालिया ने की।

छप्पर के थाना प्रभारी प्रमोद वालिया ने कहा कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव स्तर पर यदि लोग एकजुट होकर प्रयास करें तो नशे जैसे गंभीर सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से ग्रामीणों के साथ है और हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा। पंचायत में युवाओं ने नशे के खिलाफ मुहिम में पुलिस का सहयोग करने का वादा किया। गांव की महिलाओं ने भी पुलिस की इस मुहिम की सराहना की। महिलाओं ने कहा कि नशा का सबसे ज्यादा प्रभाव परिवारों पर पड़ता है। इसलिए इस लड़ाई में महिलाएं भी पीछे नहीं रहेंगी। पंचायत में सारण के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने मिलकर निर्णय लिया कि गांव में अब नशे का कोई स्थान नहीं होगा। अगर कोई व्यक्ति गांव में नशा बेचता या नशा करता पाया गया। तो पहले उसे समझाया जाएगा। यदि वह नहीं मानता है तो उसके विरुद्ध पुलिस कार्रवाई की जाएगी। पंचायत में यह भी निर्णय लिया गया कि नशे की बिक्री और सेवन करने वालों को सामाजिक रूप से बहिष्कृत किया जाएगा।



**यमुनानगर।** सारण में आयोजित पंचायत में ग्रामीण अपने गांव को नशामुक्त करने का संकल्प लेते हए। फोटो : हरिभूमि

#### गांव सारण की पहल

गांव सारण की यह पहल अन्य गांवों के लिए एक उदाहरण बन सकती है। यदि हर गांव इस तरह संगठित होकर नशे के खिलाफ आवाज उठाए तो वह दिन दूर नहीं जब पूरा जिला नशा मुक्त घोषित किया जा सकेगा। मौके पर गांव की सरपंच कुमारी मधुबाला, सरपंच प्रतिनिधि विपिन चौधरी, समाज सेवी, डॉ. नरेश, प्रधान सतपाल, तेजविंदर सिंह, सतीश राणा, श्रवण नाथ, बसंत कुमार, अमित सैनी, सुखदेव वाल्मीकि, रोहित बाजवा, अशोक राणा, काली राम सैनी व संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## चोरों ने घर का ताला तोड़कर चुराई नकदी व अन्य सामान

**यमुनानगर।** शहर की बुटर विहार कॉलोनी में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 13 हजार रुपये व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बुटर विहार कॉलोनी निवासी शीशपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 18 जुलाई को दोपहर दो बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से चला गया था। करीब एक घंटे बाद जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से घर के मंदिर के गुल्लक से 13 हजार रुपये, अमलारी से एक जोड़ी पाजेब व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। -शिव मंदिर का दानपात्र तोड़कर 35 हजार रुपये की दानराशि चोरी गांव तिम्हो निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके गांव में ही शिव मंदिर है। 18 जुलाई को देर शाम श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के बाद अपने घर चले गए थे। सुबह जब श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे तो दानपात्र टूटा मिला। जांच करने पर दानपात्र से करीब 35 हजार रुपये गायब मिले। जब उन्होंने सीसीटीवी कैमरे जांचे तो चोर रात को दो बजे मंदिर में चोरी करते मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जिला उपायुक्त ने जारी किए आदेश

# जिले में नदी, नहरों व तलाबों में नहाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध

- शहरी क्षेत्र में निगम आयुक्त, ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, सरपंचों व चौकीदारों को सख्ती से पालन करवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



उपायुक्त पार्थ गुप्ता

जिले में नदी, नहरों व तालाबों में नहाने के समय डूबने से हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला उपायुक्त ने इनमें नहाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शहरी क्षेत्र में निगम आयुक्त, ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, सरपंचों, नंबरदारों व चौकीदारों को सख्ती से पालन करवाने के दिए निर्देश दिए हैं। यदि प्रतिबंध के बावजूद भी कोई व्यक्ति मौके पर नहाता मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में आपात स्थिति में कानून एवं व्यवस्था तथा शांति बनाए रखने, कोई भी अप्रिय घटना घटित होने से रोकने के लिए जिला यमुनानगर की सीमा में नदी, नहर व तालाबों में नहाने पर प्रतिबंध लगाया है।

उन्होंने बताया कि नहरों में गर्मी के मौसम में युवा और अन्य लोग नहाने के लिए जाते हैं लेकिन अक्सर तेज बहाव और गहराई अधिक होने के कारण डूबने से मौत का खतरा बना रहता है। ऐसे में आमजन की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए यह आदेश जारी किए गए हैं जिनके तहत नदीए नहरों व तालाबों में नहाने व तैराकी करने को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है।

#### आम जनता को करें जागरूक

*उपायुक्त ने निगम आयुक्त, सिंचाई विभाग के अधिकारियों, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों तथा सचिव, नगर पालिकाओं को निर्देश दिए कि वह नदी, नहर व तालाबों के पास इन आदेशों बारे सूचना पट लगवाकर आम जनता को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आदेशों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।*

## खबर संक्षेप



### सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल में किया पौधरोपण

**कुरुक्षेत्र।** सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल में आज एक विशेष और भावनात्मक कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम/" के तहत पौधरोपण किया गया। इस अभियान में विद्यार्थियों ने अपनी माँ के नाम पर एक एक पेड़ लगाया। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है, बल्कि मां के प्रति सम्मान और प्यार को दशार्ने का एक सुंदर माध्यम भी बना। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के संचालक विपिन कुमार शर्मा ने किया।

### उज्जैन की तर्ज पर निकाली जाएगी महाकाल की सवारी

**शाहबाद।** नगर के मारकंडेश्वर शिव मंदिर से श्रावण मास के मौके पर उज्जैन की तर्ज पर महाकाल की सवारी नगर भ्रमण पर निकलेंगे। महाकाल की सवारी मारकंडेश्वर शिव मंदिर से शुरू होकर जीटी रोड शिवद्वार से हनुमान मंदिर रोड जगदीश मार्ग बताशा गली से मेंन बाजार से होते हुए कमेटी चौक से वापस मंदिर परिसर में पहुंचेगी। मंदिर सभा के प्रधान जगमोहन मनचंदा और प्रवेश शर्मा ने बताया शिव भक्तों में महाकाल की सवारी को लेकर बहुत उत्साह है।

### श्रीमद् भागवत कथा 14 सितंबर से

**कुरुक्षेत्र।** समस्त सरवारा परिवार की एक विशेष बैठक कुरुक्षेत्र धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें आगामी श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह आयोजन 14 सितंबर से 21 सितंबर तक एक सप्ताह तक भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न होगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि श्रीमद्भागवत कथा में समाज के सभी बंधुओं को आमंत्रित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इस धार्मिक आयोजन का लाभ ले सकें और आध्यात्मिक वातावरण में सहभागिता करें।

### संगोष्ठी में किया सावन विषय पर काव्य पाठ

**कुरुक्षेत्र।** इंग्लैंड के लंदन स्थित निहारिका साहित्य मंच कंट्री ऑफ इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित ऑनलाइन काव्य पाठ गोष्ठी में नगर के स्वतंत्र लेखक,कवि अनिल वर्मा द्वारा अपनी काव्य प्रस्तुति दी गई। इस गोष्ठी का विषय सावन मास पर आधारित था और गोष्ठी में उपस्थित कवियों को शिव और सावन से संबंधित विषय पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत करनी थी। अनिल वर्मा ने सावन में बरसे खुशियां, आंगन में और मां विषय पर अपनी रचना प्रस्तुत की जिसे गोष्ठी में उपस्थित सभी कवियों द्वारा बहुत सराहा गया।

## वर्ल्ड ड्रैगन बोट रेसिंग चैंपियनशिप में भारतीय मिक्स टीम ने पाया छठा स्थान

# हरियाणा की बेटियों का शानदार प्रदर्शन कुरुक्षेत्र की मुकेश ने रचा इतिहास

**मुकेश एक होनहार ड्रैगन बोट रेसर, उन्होने पहले भी तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीते है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जर्मनी के ब्रैंडनबर्ग शहर में आयोजित 17वीं वर्ल्ड ड्रैगन बोट रेसिंग चैंपियनशिप में भारतीय मिक्स टीम (पुरुष-महिला) ने 200 मीटर रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए छठा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता विश्वभर के खिलाड़ियों के लिए गौरव का मंच मानी जाती है और भारत की यह रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। भारतीय टीम के इस मिक्स इवेंट में देशभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें तीन खिलाड़ी हरियाणा राज्य से थे। इन खिलाड़ियों ने कठिन अभ्यास, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों ने देश की शान बढ़ाई और खेल भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के गांव मुकीमपुर निवासी मुकेश कुमारी ने इस विश्व प्रतियोगिता में भारत का नाम रोशन किया और धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र का नाम ऊंचा किया है। मुकेश एक होनहार ड्रैगन बोट रेसर हैं और इससे पहले तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनके पिता मोहिंदर सिंह और माता ओमपती देवी ने बेटी की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि मुकेश ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव, जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुकेश की इस सफलता के पीछे वर्षों की कठिन मेहनत, समर्पण और अनुशासन का योगदान है। मुकेश के अलावा कुरुक्षेत्र जिले के कोलापुर गांव के चरणजीत सिंह सैनी और करनाल जिले की पूजा भारती ने भी भारतीय मिक्स टीम का हिस्सा बनकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूजा भारती ने अपनी लगन और खेल के प्रति समर्पण से सभी को प्रभावित किया। तीनों हरियाणवी खिलाड़ियों ने यह सिद्ध किया कि हरियाणा न केवल कुश्ती और कबड्डी में बल्कि जलक्रीड़ाओं में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ रहा है। गांव मुकिमपुरा में मुकेश की उपलब्धि पर जश्न का माहौल है, ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत करने की तैयारी की है। गांव के सरपंच, स्कूल शिक्षक और कोचों ने भी मुकेश की प्रशंसा करते हुए उन्हें बेटियों की प्रेरणा बताया।



कुरुक्षेत्र। विजेता टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### टीम को दी शुभकामनाएं

ब्रैंडनबर्ग में भारतीय टीम के प्रदर्शन को सराहते हुए बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास के प्रमुख सचिव श्री अभिषेक दुबे विशेष रूप से प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और भारत का गौरव बढ़ाने के लिए धन्यवाद और सराहना व्यक्त की।

## कावड़ यात्रा जोरों पर, अधिकारी फिल्ड में उतरकर ले रहे व्यवस्थाओं का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र में कावड लेकर चल रहे श्रदालुओं को सुगम रास्ता उपलब्ध करवाने तथा यातायात को सुचारू रूप से चलाने के पुख्ता प्रबन्ध किये गए हैं। श्रदालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिये जिला पुलिस द्वारा विशेष नाके लगाये गये हैं तथा कावड यात्रा पर विशेष निगरानी की जा रही है। कावड ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मचारियों को अधिकारियों द्वारा चैक किया जा रहा तथा जरुरी निर्देश दिए जा रहे हैं। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में कावड यात्रा के सम्बन्ध में कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा सभी व्यापक प्रबंध किये गए है। सभी रास्तों, मार्गो और शिविरों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गयें हैं। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारी और चौंकी इंचार्जों को आदेश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने एरिया में गस्त करें व विशेष ध्यान रखें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर कावड़ श्रद्धालुओं के लिए अलग से रास्ता बनाया गया है।

### *शिविर आयोजकों से अपील*

*पुलिस अधिकारियों द्वारा शिविर आयोजकों से भी अपील की गई है कि शिविर में किसी भी प्रकार की नशीली वस्तु का प्रयोग न किया जाए और न ही कोई भी नशे की हालत में शिविर के अन्दर प्रवेश करें। शिविर श्रदालुओं के हरिद्वार से आने की ओर से बांई तरफ लगे होने चाहिए न कि दांई ओर न लगा हो। शिविर सडक से 20 फुट की दूरी पर लगा होना चाहिए तथा वाहनों के लिए पार्किंग का विशेष प्रबन्ध हो।*

## शिवरात्रि 23 को गजकेसरी योग में

- सावन माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करना अत्यंत शुभ व फलदायी : रामराज कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भगवान शिव के प्रिय माह सावन में कांवड़ यात्रा का प्रारंभ श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस दिन से शिव भक्त पवित्र नदियों से जलभर कांवड़ में रखते हैं और शिव मंदिर में ले जाकर उस जल से शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कठिन कार्यों में सफलता प्राप्ति, मनोकामनाओं की पूर्ति, पुत्र या संतान सुख, अकाल मृत्यु, असाध्य रोगों से मुक्ति आदि के लिए कांवड़ यात्रा की जाती है। कुरुक्षेत्र के ज्योतिषाचार्य पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि सावन माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करना अत्यंत शुभ व फलदायी माना गया है। शिवरात्रि गजकेसरी योग में है। भगवान शिव पर जल चढ़ाने के लिए सावन माह की शिवरात्रि का दिन खास माना गया है। जो 23 जुलाई बुधवार को है चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 23 को सुबह 4.39 पर होगी चतुर्दशी तिथि समाप्त 24 जुलाई, 2025 को रात 2.28 मिनट पर होगी। इसीलिए सावन माह में भोलेनाथ को जल 23 जुलाई, 2025 बुधवार को चढ़ेगा।

### जलाभिषेक करने के शुभ मुहूर्त



सावन शिवरात्रि पर जलाभिषेक के शुभ मुहूर्त- सावन शिवरात्रि पर ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04:15 बजे से सुबह 04:56 बजे तक रहेगा। इस दिन अमृत काल सुबह 08:32 बजे से सुबह 10:02 बजे तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर 02:44 बजे से दोपहर 03:39 बजे तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्त शाम 07:17 बजे से शाम 07:38 बजे तक रहेगा।



### 200 जरूरतमंद परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने निष्काम सेवा अभियान के तहत कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों को कपड़े, खाने-पीने का सामान व आर्थिक सहायता करके उनका सहयोग किया। सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि सतयुग दर्शन ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा 1 से 31 जुलाई तक पूरे विश्व स्तर पर जहां-जहां उनकी शाखाएं हैं, गरीब परिवारों को जरूरत का सामान व आर्थिक सहयोग देकर उनकी मदद की जा रही है। इसी कड़ी में सतयुग दर्शन ट्रस्ट की कुरुक्षेत्र शाखा के सदस्यों ने जरूरतमंद 200 परिवारों को नए वस्त्र, खाने-पीने का सामान व हर परिवार को 500 रुपए नकद धन राशि देकर उनकी आर्थिक रूप से भी मदद की।

## 3 को शिक्षा मंत्री के आवास पानीपत में कुरुक्षेत्र जिले से जाएगी सैकड़ों वर्कर्स

### मिड डे मील वर्कर्स की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मिड डे मील वर्कर्स की बैठक पब्लिक हेल्थ यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान रोशनी देवी ने की व संचालन जिला सचिव अनिल कुमार ने किया। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि 3 अगस्त को पानीपत में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के यहां राज्य स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन में कुरुक्षेत्र से सैकड़ों मिड डे वर्कर्स शामिल होंगी व ब्लाक स्तर पर मीटिंगें करते हुए तैयारियां की जा रही है। मीटिंग को प्रमुख रूप से मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा के जिला सचिव अनिल कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कई कई महीने से वर्कर्स का मानदेय नहीं दिया जा रहा है। वर्दी का पैसा भी स्कूलों में नहीं मिल रहा। मानदेय में कटौती की जा रही हैं। सरकार व प्रशासन मिड डे मील वर्कर्स का शोषण कर रहा है। इसीलिए शिक्षकों व अन्य स्टाफ की तरह 12 महीने वेतन मिलना चाहिए व यह 26000 रुपए से कम नहीं होना चाहिए। करीब 30 साल से यह योजना जारी है लेकिन जिन वर्करों ने इस योजना में सालों काम किया उन्हें सेवानिवृति के समय एक रूपया तक नहीं मिलता।





शाहबाद। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का स्वागत करते सुभाष कलसाना।

### शाहबाद पहुंचे पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**शाहबाद।** शाहाबाद के विश्रामगृह में पहुंचे हरियाणा के विकास एवं पंचायत, भुगर्भ एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार का भाजपा नेता मास्टर सुभाष कलसाना और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सुभाष कलसाना ने शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों की रूपरेखा के बारे में पंचायत मंत्री को बताया और मांग की कि यहां की पंचायतों को ज्यादा से ज्यादा विकास राशि दी जाए। इस दौरान बातचीत करते हुए पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान को सशक्त प्राथमिकता दे रही है और इसके लिए नयी-नयी योजनाओं को शुरू किया जा रहा है। पंचायत मंत्री नेक कहा कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के 250 गांवों में इंडोर जिम स्थापित किए जा चुके हैं और अभी यह प्रक्रिया निरंतर चल रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 19 हजार तालाबों के सुधारीकरण का निर्णय लिया है, जिनमें 6 हजार गंदे तालाब शामिल हैं। पहले चरण में 22 सौ तालाबों पर कार्य शुरू हो चुका है। इस अवसर पर एडवोकेट मनदीप रावा, मनोनीत पार्षद दीपक आनंद, टिंकू भट्टी, सरपंच प्रतिनिधि सतीश संभालखी, तिलक राज, राजेन्द्र कुमार, दर्शन लाल, गौरव सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकत्ता मौजूद रहे।

## स्वस्थ नागरिक देश की तरक्की में दे सकते हैं अपना योगदान : पुष्पा संधू

- फिट इंडिया मूवमेंट के तहत सेक्टर 2 में पूजा माडल स्कूल में निकाली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पूजा माडल स्कूल प्रबंधन कमेटी की चेयरमैन पुष्पा संधू ने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हुए साइकिलिंग या अन्य खेलों की तरफ आगे बढ़ेगा तो निश्चित देश के नागरिक स्वस्थ होंगे और स्वस्थ होकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकेगा। पूजा माडल स्कूल प्रबंधन कमेटी की चेयरमैन पुष्पा संधू ने रविवार को सेक्टर 2 पूजा मॉडल स्कूल व भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में साइकिल रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को साइकिलिंग को अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि इस साइकिल रैली को लेकर युवाओं के उत्साह देखा जा रहा है। साई की तरफ से समय-समय पर आयोजित कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को एक नया मंच मिल रहा है। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल शशी पंवार, वाइस प्रिंसिपल नवीन गुप्ता, मनप्रीत कौर, विकास तोमर, मोनिका, सरला, अविनेश ने अहम योगदान दिया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, साई कुरुक्षेत्र के सेवानिवृत्त चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, समाजसेवी नरेश कुमार सैनी, समाजसेवी वीरभान, समाजसेवी सुभाष भारद्वाज आदि उपस्थित थे।



### यूएसएफ ने सड़क सुरक्षा व रोजगार मार्गदर्शन पर की कार्यशाला आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में एक प्रेरणादायक त्रैमासिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दो मुख्य विषय रहे सड़क सुरक्षा और कैरियर मार्गदर्शन। कार्यशाला के प्रथम सत्र में मंजू ने शालिनियों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा, तकनीक, प्रशासनिक सेवाएं एवं अन्य क्षेत्रों में अवसरों के बारे में विस्तार से बताया और शालिनियों को अपने जीवन लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यदि भविष्य में किसी भी शालिनी को मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी, तो वे एक मेंटर के रूप में सदैव सहयोग हेतु उपलब्ध रहेंगी। दूसरे सत्र का संचालन सूबेदार रविंद्र कौशिक द्वारा किया गया, जिन्होंने सड़क सुरक्षा विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सड़क पर सुरक्षित रहने के नियमों, यातायात चिन्हों एवं आवश्यक सतर्कताओं के बारे में जागरूक किया।

## सब्जी मंडी के दुकानदारों ने स्वच्छता बनाए रखने का किया वादा



पिहोवा। पुरानी सब्जी मंडी में दुकानदारों के साथ बैठक करते नपा अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि व सुरेंद्र पप्पू ढींगरा। फोटो : हरिभूमि

- नपा अध्यक्ष बोले, पुरानी सब्जी मंडी में दुकानदारों को उपलब्ध करवाएंगे सभी सुविधाएं

**पिहोवा।** पुरानी सब्जी मंडी में दुकानदारों की एक बैठक नगर पालिका के अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि एवं वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र पप्पू ढींगरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सभी सब्जी विक्रेताओं सहित अन्य सभी दुकानदारों ने भाग लिया। नगर पालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि ने सब्जी विक्रेताओं को मंडी में गंदगी न फैलाने बारे आहवान किया। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी में दुकानदारों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी को लेकर उन्होंने कई बार उनसे स्वच्छता बनाए रखने के लिए आह्वान किया लेकिन बावजूद इसके आमजन को गंदगी से परेशानी झेलनी पड़ रही है। आज उन्होंने स्वयं सब्जी मंडी स्थित सब्जी विक्रेताओं व अन्य दुकानदारों के साथ बैठक की जिसमे सभी ने मंडी में गली के बीच गंदगी न डालने का संकल्प लिया। आशीष चक्रपाणि ने कहा कि सब्जी मंडी में स्थित दुकानदारों को हर प्रकार की सुविधा प्रदान की जाएगीनपा अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि ने सब्जी मंडी के दुकानदारों की इस मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर विक्की, रोहित सैनी, सुनील सैनी, पाल सैनी, टिक्कू सैनी, बलदेव, ओम प्रकाश, अमित, विनोद, श्याम सैनी, योगेश कंसल, मनीष चावला, तेजपाल सैनी सहित अनेकों दुकानदार उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | हर्षोल्लास से मनाया रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा का वार्षिक स्थापना समारोह

# वीरेंद्र ठकराल बेस्ट सेक्रेटरी व एससी सिंगला को बेस्ट बुलेटिन एडिटर के पुरस्कार से किया सम्मानित

**डा. आरएस घुम्मन व उनके कार्यकारिणी ने अपने-अपने पदों की शपथ ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा का वार्षिक स्थापना समारोह एंबिएंस रिसोर्ट लाडवा रोड शाहाबाद में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर नए प्रेसिडेंट डॉक्टर आरएस घुम्मन और उनके कार्यकारिणी ने अपने-अपने पदों की शपथ ली समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर एच. एस. गिल थे और विशिष्ट अतिथि के रूप में संदीप गर्ग उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। निवर्तमान प्रेसिडेंट रोटेरियन डॉक्टर एस. एस. आहूजा ने अपनी कार्यकाल की उपलब्धियां का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया और नए अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। डॉक्टर आर.एस. घुम्मन ने अपने संबोधन में क्लब के आगामी सामाजिक सेवा कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की और सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की। डॉक्टर आर.एस. घुम्मन ने निवर्तमान टीम के प्रधान डॉक्टर एसएस आहूजा को जिला के आउट स्टैंडिंग पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बधाई दी और आउट स्टैंडिंग क्लब की बधाई दी। वीरेंद्र ठकराल बेस्ट सेक्रेटरी, एससी सिंगला बेस्ट बुलेटिन एडिटर, जितेंद्र सिंह बेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, राजकुमार गर्ग, सुरेश गोगिया डॉक्टर दीपक, डॉक्टर आरएस घुम्मन, प्रीतपाल सिंह ढिल्लो को सक्रिय रोटेरियन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



शाहबाद। समारोह में मौजूद रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### *नवयुक्ति टीम को दी बधाई*

*पीडीजी अजय मदान ने भी नवयुक्ति टीम को बधाई दी आज रोटरी क्लब द्वारा पंडित संदीप कुमार शाकुंभरी देवी मंदिर को 42000 की राशि घर के निर्माण के लिए रोटेरियन परवीन गर्ग और डॉ. आरएस घुम्मन के सहयोग से दी गई। मुख्य अतिथि डॉक्टर एच.एस. गिल ने रोटरी क्लब की सामाजिक सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ऐसे संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है आदेश ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगा रोटरी में मुख्य रूप से स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यक्रमों में आदेश मेडिकल की टीम हमेशा तैयार रहेगी।*

### एक घंटा अवश्य करे योगाभ्यास

विशिष्ट अतिथि संदीप गर्ग ने कहा रोटरी के द्वारा जो प्रोजेक्ट चलाएं जा रहे हैं वह समाज के उत्थान के लिए अति आवश्यक हैं। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति सबको सचेत करते हुए कहा कि हम सभी को एक घंटा योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए तथा समाज में स्वस्थ जीवन के लिए योग का प्रचार करना चाहिए। संदीप गर्ग ने अपने दादा श्री सुरेंद्रनाथ गुप्ता की स्मृति में रोटरी क्लब में डी.ए.वी सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा चलाए जा रहे सिलाई सेंटर का सारा खर्च वहन करने की घोषणा की। संदीप गर्ग को रोटरी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। क्लब द्वारा इस अवसर पर डॉ.एसएस आहूजा, डा. उपासना, वीरेंदर ठकराल, डॉ. एचएस गिल, डॉ. मिसेज गिल, संदीप गर्ग, अजय मदन को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### डॉ. एचएस गिल को हॉनरली मैंबर बनाया

मंच का संचालन वीरेंद्र ठकराल द्वारा किया गया और आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत जिला गवर्नर के मुख्य सलाहकार राजकुमार गर्ग ने किया। विक्रम गुप्ता को सचिव का कार्यभार सोपा गया तथा मुख्य अतिथि का परिचय भी विक्रम गुप्ता द्वारा किया गया। इंस्टॉलेशन अध्यक्ष डॉक्टर हिमांशु अरोड़ा ने सभी आए हुए गणमान्य व्यक्तियों, मीडिया और रोटेरियन का आभार व्यक्त किया और डॉक्टर एच. एस. गिल को हॉनरली मेम्बर बनाया गया। इस अवसर पर मनिंदर सिंह घुम्मन, कुलवंत चावला, सुरेंदर जैन सतीश आहूजा, परवेश शर्मा, डॉ. परमजीत पाहवा, अनिल अरोड़ा, प्रोफ्फेसर एएन शर्मा, बलबीर खुराना, रेनू वधवा इनर विल की प्रेसिडेंट आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप


बराड़ा। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने पदक जीत लहराया जीत का परचम

**बराड़ा।** सांई एंजल्स अकादमी के स्टूडेंट्स ने सेंट थॉमस स्कूल जगाधरी में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में गरिमा, हर्षित, प्रियांशी और राधिका ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरना, आस्था, भावना सैनी और आराध्या ने रजत पदक हासिल किया। इसके अतिरिक्त भावना चौहान, दीप चौहान और मिशिका सैनी ने कांस्य पदक जीतकर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता भारद्वाज ने विजयी विद्यार्थियों और उनके कोच विकास को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।


बराड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### मार्च पास्ट के साथ हुआ शपथग्रहण समारोह

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूलमें अलंकरण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य नव-निर्वाचित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को सम्मानित करना था। इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहन मिले। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैदिक यज्ञ अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा रहे। इसके पश्चात अनुशासित मार्च पास्ट और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

### बिजली अदालत का होगा आयोजन

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 22 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली अदालत आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता वीके गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से जुड़ी शिकायत अदालत के समक्ष रख सकता है। हालांकि बिजली चोरी व अदालत में विचाराधीन मामले यहां नहीं सुनें जाएंगे।

### पोर्टल पर आवेदन करें किसान

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग उपनिदेशक जसविंद्र सैनी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान सीजन खरीफ 2025 फसल पंजीकरण हेतू मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल खोल दिया है । सभी किसानों से निवेदन है कि वे अपनी फसलों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर आवश्यक पंजीकरण करवाएं ताकि मंडियों में फसल बेचते समय किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## सोलर स्ट्रीट लाइटों पर भी 75 लाख रुपये होंगे खर्च

# दो वार्डों को डेढ़ करोड़ की सौगात, नए ट्यूबवेल के साथ सड़क का होगा निर्माण

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि नायब सरकार के कार्यकाल में प्रदेशभर में विकास का पहिया समान रूप से निरंतरता में घूम रहा है। सभी जगहों पर विकास कार्यों को तीव्रता से करवाना का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वार्ड नंबर 2 व 3 में डेढ़ करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उदघाटन व शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को सौगात देने का काम किया।

दोनों जगहों पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल का पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। गोयल ने इन विकास कार्यों की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं पूरे प्रदेश में विकास कार्यों की बयार बह रही है। नायब सरकार में विकास का पहिया निरंतरता में जारी है। विकास कार्यों के तहत पूर्व राज्यमंत्री ने वार्ड नंबर 2 के तहत गांव सद्दोपुर में 27.86 लाख रूपए की लागत से लगाए गए पेयजल नलकूप का उदघाटन कन्या के हाथों करवाया।

वार्ड नंबर 3 में नारायणगढ़ रोड पर लगभग 75 लाख रूपए की लागत से लगने वाली सोलर स्ट्रीट लाईटों का तथा 50 लाख रूपए की लागत से विद्युत नगर को जग्गी गार्डन से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का शिलान्यास किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबको साथ लेकर हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास कार्य निरंतर जारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की बयार बह रही है। इसके साथ ही असीम गोयल ने क्षेत्र वासियों के आगामी 28 जुलाई को अंबाला शहर बस स्टैंड पर होने जा रहे मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।


अंबाला। नन्ही बेटी के जरिए योजना का शिलान्यास करवाते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।

**ये रह मौजूद**

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष एवं निगम सदस्य मनीष आनंद मन्नी, मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह मानकपुर, डिप्टी मेयर राजेश मेहता, सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुदंर ढींगरा, सदस्य हितेष जैन, राकेश सिंगला, जसबीर, फकीरचंद, भाजपा पदाधिकारी पिंकू सूद, गुरप्रीत सिंह शाना,रितेश गोयल,संजीव गोयल, मनीष मल भी मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार देगा कस्बे को नई पहचान

- वैश्य समाज की एकता, सेवा और संस्कृति का प्रतीक बनेगा ये द्वार, चल रहा मुख्य द्वार बनाने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को एक नया आयाम देने जा रहा 'महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार' का निर्माण अंतिम चरण में है। इसकी वजह से कस्बे को सांस्कृतिक व सामाजिक पहचान मिलेगी। प्रदेश वैश्य महासम्मेलन एवं महाराजा अग्रसेन वैश्य सेवा समिति के संयुक्त प्रयासों से बराड़ा-दोसड़का रोड पर महाराणा प्रताप चौक के समीप यह भव्य द्वार तैयार किया जा रहा है। इसके सितंबर माह के मध्य तक पूर्ण होने की संभावना है। इस द्वार की परिकल्पना केवल एक सुंदर वास्तुकला के रूप में नहीं, बल्कि वैश्य समाज के गौरव, सेवा भावना और ऐतिहासिक मूल्यों को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से की गई है। इसका निर्माण प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष विकास सिंगला की सतत निगरानी में हो रहा है जो स्वयं प्रतिदिन निर्माण स्थल पर उपस्थित रहकर गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित कर रहे हैं।

**35 लाख से तैयार हो रहा स्मारक**

जानकारी के अनुसार इस द्वार पर लगभग 35 लाख की लागत आने का अनुमान है जिसमें 15 लाख की लागत से मुख्य ढांचे का निर्माण होगा। 5 लाख की लागत से मूर्ति की स्थापना तथा 15 लाख की राशि लाइटिंग व हरियाली पर खर्च की जाएगी। इस परियोजना के लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने 11 लाख का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया है। निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जिससे यह द्वार स्थायित्व और आकर्षण दोनों का प्रतीक बन सके। इस ऐतिहासिक स्मारक का शिलान्यास 4 मई को पूर्व मंत्री असीम गोयल, मुलाना की पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान और भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने विधिवत रूप से किया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और वैश्य समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन के जीवन मूल्यों को अपनाने और समाज में समानता, समरसता व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष विकास सिंगला, वरिष्ठ उपप्रधान पवन गुप्ता, महासचिव अजय गर्ग, कोषाध्यक्ष संदीप गर्ग, हल्का अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बता कि बीते कुछ सप्ताहों से निर्माण कार्य में उल्लेखनीय तेजी आई है। द्वार की संरचना पारंपरिक भारतीय वास्तुकला पर आधारित है, जिसमें धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सभी पहलुरओं का समावेश किया गया है। द्वार की उंचाई 35 से 40 फीट होगी जो दूर से भी स्पष्ट रूप से नजर आएगा। जिला अध्यक्ष विकास सिंगला ने कहा कि यह द्वार महाराजा अग्रसेन की महान विरासत और उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। समानता, न्याय, सेवा, आत्मनिर्भरता और व्यापारिक नैतिकता जैसे मूल्य ही इस संरचना की आत्मा है।महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत एक ईंट, एक रुपया" के भाव से प्रेरित यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को सेवा, सद्भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश देगा।

## शिविर में 300 कांवड़ियों ने किया विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित ग्रेस बैंक्वेट और संत निवास में चल रहे कांवड़ शिविर में शनिवार को 300 कांवड़िए शिविर में पहुंचे। कांवड़ियों ने शिविर में स्नान, विश्राम और भोजन किया। इसके साथ ही कुछ कांवड़ियों को दवाई दी गई। श्री शिव कांवड़ सेवा संघ के प्रधान सुभाष गोयल ने बताया कि श्री शिव कांवड़ सेवा संघ के द्वारा पिछले 27 साल से कांवड़ शिविर लगाते आ रहे हैं। इसके बाद कांवड़िए उना, होशियारपुर, बठिंडा, पटियाला, संगरूर, रोपड़ व अन्य जिलों के लिए रवाना हो गए। दक्षिण मुखी मंशा पूर्ण श्री हनुमान मंदिर में सुबह के समय रुद्र महायज्ञ किया गया। इस दौरान महंत बाबा बलराम दास महाराज ने बताया कि पहले सावन से यह रुद्र महायज्ञ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह रुद्र महायज्ञ श्री श्री 1008 महंत बाबा बलराम दास महाराज के आशीर्वाद से किया गया।

# सरदार अमरजीत कोहली की पुण्यतिथि पर 2-3 को होंगे निःशुल्क चिकित्सा शिविर

- प्रसिद्ध त्वचा रोड विशेषज्ञ डॉक्टर मनदीप सिंह कोहली शहर के साथ मरीजों का करेंगे उपचार, बालों की बीमारियों को लेकर भी देंगे उचित सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनदीप सिंह कोहली की ओर से 2 व 3 अगस्त को लगातार दो दिन निशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। अंबाला शहर व अंबाला छावनी में अयोजित होने वाले इश शिविर में मरीजों की त्वचा के साथ बालों से जुड़ी बीमारियों का भी उपचार किया जाएगा। डॉक्टर मनदीप सिंह कोहली ने बताया कि इन शिविरों का आयोजन उनके पिता स्वर्गीय अमरजीत सिंह कोहली की पुण्यतिथि पर आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 2 अगस्त को निशुल्क चिकित्सा शिविर अंबाला कैंट के डीसी रोड स्थित कोहली स्किन केयर सेंटर पर आयोजित किया जाएगा। जबकि 3 अगस्त को शिविर का आयोजन अंबाला शहर में अंबाला क्लब के सामने इंको के पास क्लीनिक में होगा। उन्होंने बताया कि मानवता को समर्पित इन शिविरों के जरिए वे त्वचा व बालों की विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को राहत देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों जरिए सरदार अमरजीत सिंह कोहली को भी सच्ची श्रद्धांजलि दी जाएगी। डॉक्टर कोहली ने लोगों से इन शिविरों का भरपूर फायदा उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति इन शिविरों में हिस्सेदारी कर सकता है।


अंबाला। स्वर्गीय सरदार अमरजीत सिंह कोहली।

# अपराधी पहले भागते थे अब जिम्मेदारी लेते हैं: सांसद

- सांसद वरुण चौधरी ने साधा सरकार पर निशाना, पार्टी नेता रोहित विशु से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रदेश में कांग्रेस नेता कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए उनसे मुलाकात कर रहे हैं। इसी कड़ी में अंबाला लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रोहित शर्मा विशु के निवास स्थान पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। यहां पहुंचने पर विशु की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने सांसद का शानदार अभिनंदन किया।

इस दौरान वरुण चौधरी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। चौधरी ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार को जमकर निशाने पर लिया। साथ ही कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा इससे बुरा हाल कानून व्यवस्था का इससे पहले नहीं देखा गया।

अब तो बदमाश क्राइम करने के बाद जिम्मेदारी लेते हैं जबकि पहले भागते थे। लोगों को डराकर फिरौती मांग रहे हैं लेकिन सरकार इस पर कोई रोक नहीं लगा पा रही। उन्होंने कहा इस मुद्दे को संसद में उठाने का काम करेंगे। इस मौके वरुण चौधरी ने प्रदेश में महंगी हुई बिजली के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा आम लोगों से लेकर इंडस्ट्री तक पर महंगी बिजली का बोझ इस सरकार ने डालने का काम किया है। लोग महंगाई और बेरोजगारी से पहले त्रस्त हैं लेकिन सरकार ने बिजली के दाम दाम बढ़ा बोझ बढ़ाने का काम किया है। चौधरी ने किसानों को खाद न मिलने का मुद्दा भी उठाया और कहा किसानों को यह सरकार खाद तक मुहैया नहीं करवा पा रही। उन्होंने कहा सरकार हर मुद्दे पर फेल है।


अंबाला। सांसद वरुण चौधरी का अभिनंदन करते युवा नेता रोहित शर्मा व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके अमीषा चावला,प्रतीक चौधरी,विनोद धीमान,ढुष्यंत चौहान,पवन अग्रवाल, यूथ जिलाध्यक्ष हरमन सिंह हैरी,संजय सेठी,नवीन गुप्ता,कुलदीप सिंह गुल्लू,बब्बल ,केतन भाटिया सहित कई वरिष्ठ एंव युवा कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था होगा रवाना

- 4 को श्रद्धालु जम्मू में डालेंगे डेरा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने यात्रा की बनाई योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को लेकर बैठक हुई। बजरंग दल के प्रांत मिलन प्रमुख सतनाम आर्य ने कहा कि बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा वैसे तो हजारों वर्षों से चली आ रही है। पवित्र श्री बर्फानी अमरनाथ यात्रा की भाति पुंछ मंडी के राजपुरा ग्राम में बाबा बूढ़ा अमरनाथ की यात्रा परंपरागत रूप से सावन मास में होती थी। मान्यता यही है कि बाबा बूढ़ा अमरनाथ की यात्रा किए बिना बाबा बर्फानी अमरनाथ की यात्रा पूर्ण नहीं मानी जाती। 1996 से हो रही बाबा अमरनाथ की यात्रा को इस देश की नौजवानों ने अपने बलिदान देकर पुनर्प्रतिष्ठित किया।

इतिहास साक्षी है कि उस प्रयत्न के कारण ही कठिन परिस्थितियां और आतंकी हमलों के बावजूद भी लाखों लोग बाबा अमरनाथ के दर्शन करने जा रहे हैं। ठीक उसी तरह 2005 में बजरंग दल ने बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा का संकल्प लिया।

2006 में अमरनाथ भूमि आंदोलन में राष्ट्र द्रोहियों और उनके संरक्षक राजनेताओं को झुकने के लिए विवश कर दिया। ऐसी परिस्थिति में बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को और अधिक सफल बनाकर हम राष्ट्र विरोधियों के मंसूबों को विफल कर सकते हैं।


मुलाना। यात्रा का पोस्टर जारी करते हुए पदाधिकारी।

***200 यात्रियों की टिकट बनाए जा चुके हैं***

*4 अगस्त जम्मू में रात्रि विश्राम यात्री शिविर भगवती नगर में रहेगा। 5 अगस्त को प्रातः जम्मू यात्री निवास से यात्रा रवाना होकर पूंछ के लिए प्रस्थान करेगी रात्रि विश्राम पूंछ में होगा 6 अगस्त को यात्रा प्रात. पूंछ से रवाना होकर बाबा बूढ़ा अमरनाथ के दर्शन करके वापस रवाना होगी यात्रा राजौरी होते हुए सुंदरबनी में रात्रि विश्राम रहेगा 7 अगस्त को सुबह सुंदरबनी से शिवखोड़ी दर्शन के लिए रवाना होगी। दोपहर शिवखोड़ी दर्शन के पश्चात कटरा या जम्मू के लिए रवाना होंगे ।*

# एसपी ने थाना सेक्टर-9 का किया निरीक्षण

- प्रबंधक थाना व अनुसंधान अधिकारियों को दिए उचित दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने रविवार काऐ अचानक थाना सेक्टर - 9 का मुआयना किया। इस दौरान उनके साथ डीएसपी क्राइम वीरेंद्र कुमार भी मौका पर हाजिर रहे। एसपी ने सबसे पहले थाना की साफ सफाई का जायजा लिया। थाना में चल रही मेस के बारे में प्रबंधक थाना से जानकारी ली। चेकिंग उपरांत सभी अनुसंधान अधिकारियों तथा प्रबंधक थाना की मीटिंग ली गई । एसपी ने मीटिंग के दौरान सभी अनुसंधान अधिकारियों को जन शिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जांच और निस्तारण के आदेश दिए। वांछित अभियुक्तों और लंबित मामलों में गिरफ्तारी पर जोर दिया गया। शिकायतकर्ता को शिकायत का इंद्राज कर रसीद देने के बारे में मुंशी को हिदायत की गई। मौका पर रसीद रजिस्टर तथा लंबित शिकायतों को चेक किया जो सही पाए गए। उन्होंने प्रबंधक थाना को रात्रि में चौराहों पर सख्त चेकिंग करने, सेक्टरों में गश्त बढ़ाने , आपराधिक वारदातों पर रोक लगाने तथा मादक पदार्थों के तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थानों में माल मुकदमों का निस्तारण, महिला संबंधी अपराधों तथा धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई पर विशेष ध्यान देने को कहा।


अंबाला। थाना का निरीक्षण कर जांच अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते एसपी अजीत सिंह शेखावत।

## श्री श्याम बाबा के कीर्तन में जमकर झूमे श्रद्धालु, मीत लाडला ने जमाया रंग



**अंबाला।** एक कोशिश समाज सेवा व वार्ड नंबर 9 से कांग्रेस की निगम सदस्य मेघा ईशु गोयल व उनकी टीम द्वारा श्री श्याम बाबा कीर्तन का आयोजन कोतवाली सरांय हनुमान मंदिर में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से श्याम बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए विधायक चौधरी निर्मल सिंह भी यहां नतमस्तक हुए। निगम सदस्य मेघा इशु गोयल व संस्था के सभी सदस्यों ने विधायक को पटका पहना स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्याम बाबा के भजनों का गुणगान सूफी गायक मीत लाड़ला ने किया। सभी कॉलोनी वासियों ने संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा के कार्यो की सराहना की। इस दौरान संस्था द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारा बरताने की सेवा खाटू श्याम प्रेमी परिवार टीम के सदस्य दीपक बत्रा द्वारा की गई। कीर्तन में सभी कॉलोनी वासियों ने श्याम बाबा के भजनों व भंडारे प्रसाद का आनंद लिया। इस उपलक्ष्य में संस्था के प्रधान ईशु गोयल,सचिव सुरिंदर शिंदा, आयुष मित्तल, खुशबीर वालिया, मनीष छाबड़ा, रजत अग्रवाल, अंशुल, विकास, नरेश मित्तल, सुमित गुलाटी, नंदकिशोर ने भी पूरा सहयोग दिया। इस दौरान श्रद्धालु जमकर नाचे।

## भावपूर्ण तरीके से मनाया गया संथारा साधिका महासाध्वी सुचेता का प्रथम पुण्यस्मृति दिवस

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं के साथ बच्चों ने भी दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

जैन स्थानक में पावन चातुर्मास के अंतर्गत विराजमान साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के पावन सान्निध्य में समता, संयम और साधना की प्रतीक रही संथारा साधिका महासाध्वी सुचेता जी की प्रथम पुण्यस्मृति दिवस भावपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन सभा के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति में एक आत्मीय माहौल देखने को मिला। महिला मंडल एवं बच्चों ने सुचेता जी के जीवन साधना और उनके आदर्शों पर आधारित सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान सुख का सागर नाट्य ने सभी को आकर्षित किया। जिसमें करीब 50 पात्रों के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने महासाध्वी के तप, सेवा और संयमपूर्ण जीवन को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। साध्वी रत्ना सुवृद्धि ने अपने उद्बोधन में सुचेता जी के सादगीपूर्ण, अनुशासित एवं आध्यात्मिक जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। जैन सभा ने गणमान्यों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली महिलाओं और बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में चंदनबाला महिला मंडल और जैन युवक मंडल की विशेष भागीदारी रही । मौके पर प्रधान अशोक जैन, उपप्रधान रामकुमार जैन, महामंत्री नवीन जैन, कोषाध्यक्ष राममूर्ति जैन, प्रवक्ता श्रीपाल जैन, सहमंत्री उमेश सिंह जैन, शंटी जैन, उमेश गोयल, प्रवीण अग्रवाल, नवीन जैन, केवल कृष्ण, रिषभ जैन, अभय जैन, नीरज जैन, बनारसी दास, अमरनाथ अरोड़ा, केशव जैन, भूषण जैन, धीरज जैन, वेद प्रकाश सहित धनौरा, उगाला, बराड़ा, यमुनानगर, मुलाना , उचाना, श्रीगंगानगर सहित अन्य जगहों के श्रध्दालु मौजूद रहे ।


मुलाना। कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते कलाकार।

- मिलामहिला मंडल एवं बच्चों ने सुचेता जी के जीवन साधना और उनके आदर्शों पर आधारित सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया